तस्करी | रीवा से शहडोल ला रहे थे हेरोइन, बस स्टैंड पर घेराबंदी कर रंगे हाथ पकड़े

बस में स्मैक तस्करी करते महिला समेत 4 आरोपी गिरफ्तार

नवभरत, जयसिंहनगर। थाना जयसिंहनगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से स्मैक (हेरोइन) बरामद की गई है, जिसकी बाजार कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है।पुलिस को 17 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रीवा से शहडोल की ओर आ रही एक यात्री बस में एक पुरुष और महिला भारी मात्रा में स्मैक लेकर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बस स्टैंड जयसिंहनगर में घेराबंदी कर दी। शाम करीब 3:55 बजे बस पहुंचने पर चेकिंग के दौरान बीच की सीट पर बैठे एक पुरुष और महिला संदिग्ध पाए गए। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आरती सेन (निवासी पुरानी बस्ती शहडोल) और किशन भारती (निवासी अंबेडकर कॉलोनी शहडोल) बताया।

एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 12.98 ग्राम अवैध स्मैक (हेरोइन) बरामद हुई। इसके अलावा एक वीवो मोबाइल, नकद राशि, बस टिकट, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए। जब्त सामग्री की कुल कीमत 42,750 रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे स्मैक इलाहाबाद (प्रयागराज) से खरीदकर लाए थे। यह खेप शहडोल के पुन्नू उर्फमुन्नू गर्ग और शुभम बत्रा के कहने पर लाई जा रही थी, जो इसे ऊंचे दामों पर खरीदने वाले थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।मामले में थाना जयसिंहनगर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21 और 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर सभी चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जीवन सिंह, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार, अनिल, प्रधान आरक्षक रूस्तम, आरक्षक नीरज, ऋषिकांत, अंकित यादव, महिला आरक्षक खुशबू लोधी एवं चालक यश तिवारी की अहम भूमिका रही।



बुढार सीएचसी में बदइंतजामी, जरूरी दवाओं का अभाव

▸ मरीजों को बाहर से खरीदने की मजबूरी

नवभारत,बुढार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बुढार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार में उपयोग होने वाली आवश्यक दवाओं की कमी के कारण मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रेबीज और टिटनेस जैसे महत्वपूर्ण इंजेक्शन अस्पताल में उपलब्ध नहीं होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीज बड़ी उम्मीद के साथ अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन वहां उन्हें बुनियादी उपचार भी नहीं मिल पाता। मजबूरी में मरीजों को बाहर की मेडिकल दुकानों से महंगे दामों पर दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि जब दवाओं की उपलब्धता के बारे में अस्पताल में जानकारी ली जाती है, तो चिकित्सक पर्ची में दवा लिखने के बजाय मौखिक रूप से बाहर से दवा लेने की सलाह देते हैं। इससे न केवल पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं, बल्कि मरीजों के अधिकारों का भी हनन होता है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीएमओ डॉ. शैली जैन ने बताया कि पिछले दो दिनों से संबंधित इंजेक्शन अस्पताल में उपलब्ध नहीं हैं और इसके लिए इंडेंट भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर मरीज बाहर से इंजेक्शन लगवा सकते हैं। हालांकि, इस स्थिति ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। जब सरकारी अस्पतालों में ही आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी, तो गरीब और जरूरतमंद मरीजों का समुचित इलाज कैसे संभव हो सकेगा? स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल में आवश्यक दवाओं की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर और नि:शुल्क उपचार मिल सके।

एक नजर में

ASMITA KHELO INDIA
Achieving Sports Milestone by Inspiring Women through Action
खेल से ही है पहचान

अस्मिता लीग फुटबॉल 20 से, बालिकाओं को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

नवभारत, शहडोल। बालिकाओं में खेल प्रतिभा को निखारने और फुटबॉल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अस्मिता लीग फुटबॉल (अंडर-16) बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 अप्रैल 2026 तक रेलवे फुटबॉल मैदान, शहडोल में किया जाएगा। यह आयोजन ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं मध्य प्रदेश फुटबॉल फेडरेशन के निर्देशानुसार जिला फुटबॉल संघ शहडोल द्वारा कराया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले के 6 पंजीकृत क्लबों की टीमें भाग लेंगी। सभी खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन से किया गया है। प्रतियोगिता के माध्यम से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर शहडोल जिले की टीम तैयार की जाएगी, जिन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

प्रतिदिन खेले जाएंगे 4 मैच-प्रतियोगिता के तहत प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे। पहला मैच सुबह 7:30 बजे, दूसरा 9:30 बजे, तीसरा दोपहर 3:30 बजे और चौथा शाम 5:30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में विधायक मनीषा सिंह का मार्गदर्शन रहेगा। आयोजन समिति में अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष मोहम्मद जकरिया, उपाध्यक्ष अजय विजया, बालाकृष्णा बंगारी, ए.के. मोहंती, मोहम्मद शमीम, सचिन रईस अहमद एवं कोषाध्यक्ष अनिल सिंह शामिल हैं। प्रतियोगिता की संयोजक प्राचार्य प्रतिभा कुशवाहा (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मिश्रित हाई स्कूल) होंगी, जबकि राजीव श्रीवास्तव सहित जिला फुटबॉल संघ के पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। इस प्रतियोगिता के बाद मई 2026 के दूसरे सप्ताह में अस्मिता लीग अंडर-14 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी प्रस्तावित है। अस्मिता लीग के जरिए शहडोल में बालिका फुटबॉल को नई पहचान मिलने की उम्मीद है, जिससे ग्रामीण व शहरी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर मंच मिलेगा।

सेपक टकरा प्री नेशनल कोचिंग कैंप के लिए 4 खिलाड़ी चयनित

नवभारत, शहडोल । मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित शालेय राष्ट्रीय सेपकटकरा खेल का आयोजन 24 से 28 अप्रैल 2026 तक तेलंगाना के एनटीआर स्टेडियम में होना है, जिसका प्री नेशनल कोचिंग कैंप जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर के अधीनस्थ अनूपपुर में दिनांक से 17 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक होगा, जिसमें शहडोल संभाग शिक्षा विभाग से चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है, टाइम पब्लिक स्कूल शहडोल की नंदिनी जैन पिता श्रेयांश कुमार जैन, एकांत शुक्ला पिता राजेश नारायण शुक्ला, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्कूल शहडोल मान्यता गुप्ता, पिता मनीष गुप्ता, महर्षि विद्यालय शहडोल देवासी शर्मा पिता सुधांशु शर्मा का चयन शालेय राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता दिसंबर माह 2025 अमरकंटक, अनूपपुर जिले में आयोजित की गई थी, जिसमें उत्कर्ष प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है, चयनित खिलाड़ियों को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग शहडोल उमेश कुमार धुर्वे ,सहायक संचालक खेल रईस अहमद , संभाग अधिकारी सुदर्शन मिश्रा, आईटी सेल प्रभारी मोहम्मद अमजद, टाइम पब्लिक स्कूल के संचालक जितेंद्र शुक्ला प्राचार्य रूबी शुक्ला पीटीआई संजय कंघीकार ,महर्षि स्कूल की प्रिंसिपल भावना तिवारी, रेलवे स्कूल की प्रिंसिपल प्रतिभा कुशवाहा, पीटीआई रहीम खान द्वारा खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ ही संभाग एवं प्रांत का नाम रोशन करने के लिए उत्कर्ष प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया गया ।

परशुराम जन्मोत्सव पर आयोजन

▸ शोभायात्रा से गूंजेगा शहर

नवभारत, शहडोल। जिला ब्राह्मण समाज शहडोल के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 अप्रैल 2026, सोमवार को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों को लेकर समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की शुरुआत प्रात: 10 बजे से रक्तदान शिविर एवं आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके पश्चात अपराह्न 1:30 बजे से स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। शाम 4:00 बजे भगवान परशुराम जी की जीवंत झांकियों का पूजन-अर्चन एवं पुण्य श्लोकों का पाठ किया जाएगा। इसके बाद सायं 4:30 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो जयस्तंभ चौक से प्रारंभ होकर गांधी चौक, जैन मंदिर होते हुए मोहनराम मंदिर तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, धार्मिक ध्वज और भक्ति संगीत विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जिला ब्राह्मण समाज ने समस्त विप्रजन एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों को सफल बनाएं और धर्म लाभ प्राप्त करें।

ज्ञान निकेतन स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम

▸ पल्लवी और जिया ने लहराया परचम

नवभारत, बुढ़ार। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें ज्ञान निकेतन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, बुढ़ार के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल परिसर में खुशी का माहौल है।

कक्षा 10वीं के मेधावी छात्र

कक्षा 10वीं के परिणामों में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला:पल्लवी साकेत (पुत्री कैलाश साकेत) ने 90.2% (451/500) अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान बनाया। तन्वी गुप्ता (पुत्री धीरज गुप्ता) ने 89% (445/500) अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।जिया चौधरी (पुत्री रज्जू चौधरी) ने 88.2% (441/500) अंक हासिल किए।अनुराग यादव (पुत्र प्रदीप कुमार यादव) ने 88% (440/500) अंक प्राप्त कर सफलता की सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

कक्षा 12वीं का प्रदर्शन

कक्षा 12वीं में अनुज कुमार द्विवेदी (पुत्र विष्णु शरण द्विवेदी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 83% (415/500) अंक प्राप्त किए और विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय प्रबंधन का संदेश

प्राचार्य बाल्मिकी प्रसाद शर्मा ने कहा कि 'हमें अपने विद्यार्थियों की मेहनत और उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन पर गर्व है। यह सफलता छात्रों के कड़े परिश्रम और निरंतरता का परिणाम है। हम सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।' इस उपलब्धि पर उप प्राचार्य प्रेम कुमार ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।

नारी सशक्तिकरण से क्यों व्यथित है कांग्रेस

▸ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सरावगी का तीखा प्रहार

नवभारत,धनपुरी । भारतीय लोकतंत्र के वर्तमान परिदृश्य में जहां एक ओर नारी शक्ति के उत्थान और सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहलें की जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विरोध के स्वर इस पुनीत प्रयास पर प्रश्नचिह्न खड़े करते दिखाई दे रहे हैं। इसी संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सरावगी ने मीडिया के समक्ष अपने स्पष्ट, तीखे और आक्रामक तेवरों के साथ कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

मीडिया से संवाद करते हुए श्रीमती सरावगी ने कहा कि जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके सम्मान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और उन्हें नीति-निर्माण की मुख्यधारा में स्थान देने की बात कर रहे हैं, तब कांग्रेस को इस सकारात्मक पहल से इतनी पीड़ा क्यों हो रही है? उन्होंने इसे 'नारी सम्मान के विरुद्ध मानसिकता' करार देते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि आधी आबादी के अधिकारों का विरोध है। श्रीमती सरावगी ने 33 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि यह महिलाओं का संवैधानिक अधिकार है, जिसे लंबे संघर्षों और सामाजिक चेतना के परिणामस्वरूप मान्यता मिली है। ऐसे में कांग्रेस का इस पर विरोध करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह उसकी दोहरी नीति को भी उजागर करता है। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि एक ओर कांग्रेस मंचों से महिला सुरक्षा और अधिकारों की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जब वास्तविक भागीदारी की बारी आती है, तो वह पीछे हट जाती है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने का है। महिलाओं की भागीदारी के बिना न तो लोकतंत्र सशक्त हो सकता है और न ही विकास की गति को पूर्णता मिल सकती है। 'नारी शक्ति केवल परिवार की आधारशिला नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की धुरी है,'—इस भाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के प्रयासों में बाधा उत्पन्न करना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। अपने वक्तव्य में उन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को 'शक्ति', 'सृजन' और 'संस्कार' का प्रतीक माना गया है। ऐसे में नारी के सम्मान और अधिकारों की अनदेखी करना हमारी सांस्कृतिक विरासत के भी विपरीत है। उन्होंने कांग्रेस के रुख को 'विकास की राह में अवरोध' बताते हुए कहा कि जनता अब सब देख रही है और समय आने पर इसका उचित उत्तर देगी। अंत में श्रीमती सरावगी ने मातृशक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि आज की नारी जागरूक, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों के प्रति सजग है। आने वाला समय नारी शक्ति का होगा, जहां वे अपने अधिकारों की रक्षा स्वयं करेंगी और समाज में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएंगी। 'नारी का सम्मान ही राष्ट्र का अभिमान है'—इस संकल्प के साथ भाजपा महिला सशक्तिकरण के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है, और किसी भी विरोध के बावजूद यह यात्रा अविराम जारी रहेगी।

शादी का झांसा देकर 4 साल तक शोषण सच्चाई खुलते ही पलटा आरोपी

▸ नवरात्रि में अंतिम वारदात के बाद खुला राज, दमोह निवासी युवक गिरफ्तार

नवभारत, शहडोल। महिला थाना शहडोल पुलिस ने शादी का प्रलोभन देकर लंबे समय तक दुराचार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया और न्यायालय में पेश किया।पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर लिखित आवेदन में बताया कि उसकी पहचान वर्ष 2021 में आरोपी कमलेश रैकवार, निवासी ग्राम पटेरिया, जिला दमोह से हुई थी। आरोपी माइक्रो फाइनेंस का कार्य करता था और इसी दौरान उसका पीड़िता के घर आना-जाना शुरू हुआ। आरोपी ने शादी का झांसा देकर वर्ष 2022 से लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण किया। इस बीच आरोपी का स्थानांतरण सिहोरा और फिर भिटौनी (जबलपुर) हो गया, लेकिन वह शादी का वादा कर पीड़िता के साथ संबंध बनाता रहा।

पीड़िता के अनुसार, 28 मार्च 2026 (नवरात्रि) को आरोपी ने आखिरी बार उसके घर आकर दुष्कर्म किया। बाद में जब पीड़िता ने आरोपी के मोबाइल में दूसरी लड़की की फोटो देखी और शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना शहडोल में आरोपी के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 17 अप्रैल 2026 को आरोपी कमलेश रैकवार (30) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को 18 अप्रैल 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक आर.के. गयाग्वाल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक वर्षा बैगा, आरक्षक पुष्पेंद्र सिंह, आरक्षक कृष्ण कुमार एवं महिला सैनिक निशा मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यक्रम | छात्र सुरक्षा उपायों से हुये जागरूक

शासकीय महाविद्यालय में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत, बुढ़ार। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढ़ार में फायर सर्विस वीक के तहत रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

फायर सर्विस वीक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि - विद्यार्थी आकस्मिक आगजनी की उत्पन्न होनें वाली घटना से कैसे बचाव कर सकें और होनें वाली हानि की सुरक्षा में सहायक हो सकें, के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम अवसर पर फायर सेफ्टी विशेषज्ञ नें - आकस्मिक माल बिल्डिंग या घरों में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने का व्यवहारिक अभ्यास छात्रों को कराया, जिससे विद्यार्थियों में आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सकीख् साथ ही अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसमें छात्रों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन बचाव कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी छात्रों के मध्य साझा की गईं। फायर सर्विस वीक कार्यक्रम अवसर पर - महाविद्यालयीन छात्रों ने न केवल आग बुझाने के तरीकों को समझा, बल्कि स्वयं अग्निशामक उपकरणों का संचालन कर व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट फायर सेफ्टी विभाग के अधिकारी प्रेम कुमार राठौर के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान फायर सेफ्टी विशेषज्ञ प्रदीप द्विवेदी ने आग लगने के प्रमुख कारणों और उससे बचने के प्रभावी उपायों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती डॉ गंगा मिश्रा नें रिलायंस सी.बी.एम. द्वारा फायर सर्विस वीक के अवसर पर महाविद्यालय में छात्रों तथा महाविद्यालयीन स्टाफ को आगजनी की घटना से बचाव के विविध पहलुओं से अवगत करानें के इस सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए कहाकि - ऐसे आयोजन से छात्रों को आगजनी से सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अति महत्वपूर्ण रही हैं। फायर सर्विस वीक कार्यक्रम अवसर पर - रिलायंस की ओर से डॉ. समीम खान, अजय पांडे एवं दिलीप नामदेव की उपस्थिति रही, वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार उपाध्याय, डॉ राधेश्याम नापित, डॉ नागमणि मानिकपुरी, डॉ रानी पटेल, डॉ. बी.एन.उपाध्याय,दीपक पटेल, दिनेश वर्मा एवं कमलेश प्रजापति अजय जैन सहित महाविद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

ब्यौहारी में पत्रकार संघ की मासिक बैठक आयोजित

▸ संगठन की मजबूती पर जोर, विधायक शरद जुगलाल कोल बोले संगठित और अनुशासित संगठन है आईएफडब्ल्यूजे

नवभारत, ब्यौहारी। भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ (आईएफडब्ल्यूजे) की ब्यौहारी ब्लॉक इकाई की मासिक बैठक शनिवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक शरद जुगलाल कोल उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश संगठन प्रभारी राहुल सिंह राणा ने की। बैठक की शुरुआत संगठनात्मक विषयों की समीक्षा से हुई, जिसमें वर्ष 2026 के लिए सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए गए तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ एक संगठित, अनुशासित और मर्यादित संगठन है, जो पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत है। ऐसे संगठनों की मजबूती लोकतंत्र के लिए बेहद आवश्यक है। उनके संबोधन से पत्रकारों में उत्साह का संचार हुआ।

1 मई को होगा बड़ा आयोजन

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 1 मई 2026 को शहडोल में संभागीय, जिला एवं ब्लॉक इकाइयों का शपथ ग्रहण समारोह एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन की जिम्मेदारी विजय गुप्ता, सतीश तिवारी, संजय सिंह एवं रामराज गुप्ता को सौंपी गई है। बैठक में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, महासचिव अजय पाल, संभागीय उपाध्यक्ष गणेश केवट, सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति रही। यह बैठक केवल औपचारिकता नहीं रही, बल्कि संगठन की एकजुटता, पत्रकार हितों की सुरक्षा और भविष्य की योजनाओं को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्त पदाधिकारियोंकृकमलेश श्रीवास्तव (नेशनल काउंसलर), अरविंद द्विवेदी (प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष) एवं जुनैद खान (प्रदेश सचिव) का बैठक में भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक में नीलेश सोनी को संभागीय उपाध्यक्ष एवं बृजकिशोर तिवारी को संभागीय सचिव नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई।